Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)



## अक्तूबर भाग-1
## 2024

Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440,
Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न और उत्तर

**1. 'त्सांगयांग ग्यात्सो पीक' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. त्सांगयांग ग्यात्सो 6वें दलाई लामा थे, जिनका जन्म अरुणाचल प्रदेश के तवांग क्षेत्र में हुआ था।
2. यह शिखर अरुणाचल प्रदेश के काराकोरम पर्वतमाला में स्थित है।
3. राष्ट्रीय पर्वतारोहण और साहसिक खेल संस्थान (NIMAS), जिसने शिखर तक अभियान का संचालन किया, रक्षा मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- 6वें दलाई लामा, त्सांगयांग ग्यात्सो का जन्म 17वीं-18वीं शताब्दी के दौरान अरुणाचल प्रदेश के तवांग क्षेत्र में हुआ था। **अतः कथन 1 सही है।**
- **राष्ट्रीय पर्वतारोहण और साहसिक खेल संस्थान (NI-MAS)** की एक टीम द्वारा 6,383 मीटर ऊँची 'त्सांगयांग ग्यात्सो पीक' पर चढ़ाई करने के क्रम में खड़ी बर्फ की ढलानों, हिम दरारों एवं दो किलोमीटर लंबे ग्लेशियर का सामना करना पड़ा।
  - यह चोटी अरुणाचल प्रदेश के **हिमालय की गोरीचेन श्रेणी** में स्थित है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- राष्ट्रीय पर्वतारोहण और साहसिक खेल संस्थान (NIMAS) रक्षा मंत्रालय के अधीन कार्य करता है। **अतः कथन 3 सही है।**
- **अतः विकल्प C सही है।**

**2. 'भारतीय कला महोत्सव' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय कला महोत्सव का पहला संस्करण दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में आयोजित किया गया था।
2. यह महोत्सव पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (DoNER) के सहयोग से आयोजित किया गया था।
3. राष्ट्रपति निलयम, जहाँ यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, दक्षिण भारत में एकमात्र राष्ट्रपति निवास है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. केवल 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारतीय कला महोत्सव का पहला संस्करण दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आयोजित नहीं किया गया था। यह हैदराबाद के सिकंदराबाद में राष्ट्रपति निलयम में आयोजित किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह महोत्सव पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (DoNER) और संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य पूर्वोत्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रपति निलयम वास्तव में दक्षिणी भारत में एकमात्र राष्ट्रपति निवास है, अन्य दो राष्ट्रपति निवास दिल्ली और शिमला में स्थित हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
- **अतः विकल्प B सही है।**

**3. हाल ही में नागपुर, महाराष्ट्र में उद्घाटन किये गए 'ऑक्सीजन बर्ड पार्क' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा विकसित एक पारिस्थितिकी पहल है।
2. पार्क को प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र की प्रतिकृति तथा स्थानीय और प्रवासी पक्षी प्रजातियों के संरक्षण के लिये विकसित किया गया है।
3. इसका उद्देश्य मध्य भारत के दुर्लभ और लुप्तप्राय वृक्ष प्रजातियों को संरक्षित करना है, जिनमें भारतीय बेल और वन की संकटग्रस्त यलो फ्लेम शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- हाल ही में **सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय** द्वारा महाराष्ट्र के नागपुर में **ऑक्सीजन बर्ड पार्क (अमृत महोत्सव पार्क)** का उद्घाटन किया गया, न कि **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा।** यह **भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI)** द्वारा नागपुर-हैदराबाद **राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर** की गई एक **पर्यावरण पहल का हिस्सा है। अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- पार्क को प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र की प्रतिकृति के लिये विकसित किया गया है, जो स्थानीय और प्रवासी पक्षी प्रजातियों के संरक्षण को बढ़ावा देता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसका उद्देश्य मध्य भारत की दुर्लभ एवं लुप्तप्राय वृक्ष प्रजातियों (जैसे कि सुभेद्य भारतीय बेल (Vulnerable Indian Bael), गम कराया (Gum Karaya) और वन की संकटग्रस्त यलो फ्लेम (Endangered Yellow Flame) को संरक्षित करना है। **अतः कथन 3 सही है।**
- **अतः विकल्प B सही है।**

**4. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन "जीवंत संविधान" की अवधारणा के बारे में सही है?**

1. इसका आशय है कि संविधान की व्याख्या सामाजिक मानदंडों के अनुरूप होनी चाहिये।
2. भारतीय संविधान कठोर प्रकृति का है क्योंकि इसमें केवल संविधान के मूल ढाँचे को संरक्षित रखते हुए संशोधन की अनुमति दी गई है।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- जीवंत संविधान का आशय है कि इसकी व्याख्या **बदलते सामाजिक मानदंडों के अनुरूप** होनी चाहिये। इससे संवैधानिक न्यायालयों को समय के साथ उत्पन्न होने वाली नई चुनौतियों के लिये न केवल समाधान ढूँढने में सहायता मिलती है बल्कि इससे **संविधान की प्रासंगिकता** बनी रहती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारतीय संविधान लचीला तथा कठोर दोनों ही प्रकृति का है। इससे संविधान के मूल ढाँचे में स्थिरता बनाए रखते हुए अनुकूलनशीलता सुनिश्चित होती है। मूल सिद्धांतों (जिन्हें "मूल ढाँचा" के रूप में जाना जाता है) को संरक्षित करने के लिए कुछ सीमाओं के साथ इसमें संशोधनों की अनुमति दी गई है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **अतः विकल्प A सही है।**

**5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एशिया-प्रशांत क्षेत्र में शक्ति गतिशीलता का आकलन करने के लिये एशियाई विकास बैंक द्वारा एशिया पावर इंडेक्स जारी किया गया है।
2. कोविड-19 के बाद मज़बूत आर्थिक विकास के कारण भारत एशिया पावर इंडेक्स, 2024 में संयुक्त राज्य अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए तीसरे स्थान पर पहुँच गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- लोवी इंस्टीट्यूट द्वारा वर्ष 2018 में लॉन्च किया गया **एशिया पावर इंडेक्स**, एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पावर की स्थिति का एक वार्षिक माप है। यह एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 27 देशों का मूल्यांकन करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **एशिया पावर इंडेक्स 2024** में भारत अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर है और भारत जापान को पीछे छोड़ते हुए एशिया का तीसरा सबसे शक्तिशाली देश बन गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **अतः विकल्प D सही है।**

**6. भुगतान संतुलन (BoP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और विदेशी संस्थागत निवेश (एफआईआई) भुगतान संतुलन के चालू खाता भाग के मुख्य घटक हैं।
2. भुगतान संतुलन अधिशेष तब होता है जब किसी देश का आयात उसके निर्यात से अधिक हो जाता है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भुगतान संतुलन ( बीओपी )**

- भुगतान संतुलन (बीओपी) किसी देश के निवासियों द्वारा किए गए सभी अंतर्राष्ट्रीय लेन-देन का रिकॉर्ड है, जो विदेशी मुद्राओं के मुकाबले रुपये की सापेक्ष मांग को मापता है और विनिमय दरों और आर्थिक स्थिरता को प्रभावित करता है।
- भुगतान संतुलन में दो मुख्य घटक होते हैं- चालू खाता और पूंजी खाता।
- चालू खाते में **माल** (भौतिक वस्तुओं का व्यापार, जिसमें घाटा निर्यात की तुलना में आयात अधिक होने का संकेत देता है) और **अदृश्य** (सेवाएं, स्थानान्तरण और निवेश से आय जैसे कारक आय) शामिल होते हैं।
- पूंजी खाता किसी देश की **परिसंपत्तियों** (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, विदेशी संस्थागत निवेश) और **देनदारियों** (ऋण, उधार) में परिवर्तन रिकॉर्ड करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भुगतान संतुलन घाटा तब होता है जब किसी देश का आयात उसके निर्यात से अधिक हो जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**7. भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एफएसएसएआई उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त वैधानिक निकाय है।
2. एफएसएसएआई खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण, वितरण, बिक्री और आयात को नियंत्रित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण:**

- FSSAI खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत स्थापित एक स्वायत्त वैधानिक निकाय है और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत काम करता है। **इसलिए, कथन 1 सही नहीं है।**
- FSSAI खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण, वितरण, बिक्री और आयात को नियंत्रित करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **एफएसएसएआई के अन्य कार्य और शक्तियां:**
  - खाद्य उत्पादों और योजकों के लिए विनियमन और मानक तैयार करना।
  - खाद्य व्यवसायों को लाइसेंस एवं पंजीकरण प्रदान करना।
  - खाद्य सुरक्षा कानूनों और विनियमों का प्रवर्तन।
  - खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता की निगरानी और निरीक्षण।
  - खाद्य सुरक्षा मुद्दों पर जोखिम मूल्यांकन और वैज्ञानिक अनुसंधान आयोजित करना।

**8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यूरोपीय संघ द्वारा घोषित फूड लॉस एंड वेस्ट के प्रति अंतर्राष्ट्रीय जागरूकता दिवस (IDAFLW) का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना तथा फूड लॉस एंड वेस्ट को कम करने के प्रयास करना है।
2. IDAFLW जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने के महत्त्व पर प्रकाश डालता है, लेकिन यह सतत् विकास के लिये 2030 एजेंडा से संबंधित नहीं है।
3. खाद्य अपव्यय से तात्पर्य केवल खराब होने के कारण फेंके गए खाद्य पदार्थों से है, इसमें उत्पादन या वितरण में होने वाली हानि शामिल नहीं है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **संयुक्त राष्ट्र महासभा ( UNGA )** द्वारा वर्ष 2019 में नामित IDAFLW के तहत **फूड लॉस एंड वेस्ट** जैसे महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। इसका उद्देश्य जागरूकता

नोट :

बढ़ाना और फूड लॉस एंड वेस्ट को कम करने के प्रयास करने के साथ **जलवायु लक्ष्यों एवं सतत् विकास हेतु एजेंडा, 2030 को** प्राप्त करने के क्रम में वित्तीय सहायता की आवश्यकता पर प्रकाश डालना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

- यह पहल **सतत् विकास लक्ष्य 12.3 के अनुरूप है** जिसका उद्देश्य वर्ष 2030 तक वैश्विक खाद्य अपशिष्ट को आधा करना और खाद्य हानि को कम करना है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **खाद्य अपव्यय:** इसका तात्पर्य किसी भी ऐसे खाद्य पदार्थ से है जो **खराब होने या बर्बाद होने के कारण नष्ट हो जाता है।** इस प्रकार "अपव्यय" शब्द में खाद्य हानि और खाद्य अपशिष्ट दोनों शामिल हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**9. नदियों को जोड़ने के लिये राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना (NPP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NPP का उद्देश्य कृत्रिम चैनलों के निर्माण के माध्यम से भारत में अधिशेष बेसिनों से पानी को कमी वाले बेसिनों में स्थानांतरित करना है।
2. हिमालयी नदी विकास घटक में कोसी-यमुना लिंक और गंगा (फरक्का)-दामोदर-सुवर्णरेखा लिंक जैसी परियोजनाएँ शामिल हैं।
3. प्रायद्वीपीय नदी विकास घटक में महानदी-गोदावरी लिंक और केन-बेतवा लिंक जैसी परियोजनाएँ शामिल हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- नदी **जोड़ो परियोजना (जिसे राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना (NPP) के** रूप में भी जाना जाता है) वर्ष **1980 में जल शक्ति मंत्रालय** द्वारा तैयार की गई एक बड़े पैमाने की सिविल इंजीनियरिंग परियोजना है जिसका उद्देश्य भारत में **जल के अधिशेष वाले बेसिनों से जल की कमी वाले बेसिनों में जल स्थानांतरित करना है।** इसमें नदियों और जल निकायों को जोड़ने के लिये **कृत्रिम चैनलों का निर्माण शामिल है। अत: कथन 1 सही है।**
- **हिमालयी क्षेत्र के तहत प्रमुख परियोजनाओं में** कोसी-घाघरा लिंक, गंगा (फरक्का)-दामोदर-सुवर्णरेखा लिंक और कोसी-मेची लिंक शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **प्रायद्वीपीय घटक के अंतर्गत प्रमुख परियोजनाओं में** महानदी-गोदावरी लिंक, गोदावरी-कृष्णा लिंक, पार-तापी-नर्मदा लिंक और **केन-बेतवा लिंक** (NPP के तहत कार्यान्वयन शुरू करने वाली पहली परियोजना) शामिल हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सकल मूल्य वर्द्धन (GVA) किसी क्षेत्र, उद्योग या सेक्टर में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य को, उत्पादन में प्रयुक्त वस्तुओं तथा सेवाओं के मूल्य को घटाकर मापा जाता है।
2. GVA की गणना सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में सरकार द्वारा अर्जित करों को जोड़कर तथा सरकार द्वारा प्रदान की गई सब्सिडी को घटाकर की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- सकल मूल्य वर्द्धित (GVA) किसी क्षेत्र, उद्योग या क्षेत्र में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य को मापता है, जिसमें से उत्पादन में उपयोग की गई वस्तुओं तथा सेवाओं के मूल्य को घटाया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की गणना सरकार द्वारा अर्जित करों में सकल मूल्य वर्द्धित (GVA) जोड़कर और सरकार द्वारा प्रदान की गई सब्सिडी को घटाकर की जाती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - सकल घरेलू उत्पाद किसी विशिष्ट समयावधि में किसी देश की सीमाओं के भीतर उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को मापता है।
- GDP = (GVA) + (सरकार द्वारा अर्जित कर) — (सरकार द्वारा प्रदान की गई सब्सिडी)

- RBI के अनुसार, किसी क्षेत्र के GVA को उत्पादन के मूल्य में से उसके मध्यवर्ती इनपुट के मूल्य को घटाकर प्राप्त किया जाता है। यह "मूल्य वर्द्धित" उत्पादन के प्राथमिक कारकों, श्रम और पूंजी के बीच साझा किया जाता है।

**11. IN-STEP कार्यक्रम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. IN-STEP प्रतिभागियों को सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिये विचारों और रणनीतियों का आदान-प्रदान करने हेतु एक मंच प्रदान करता है।
2. यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय, विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास है।
3. इन-स्टेप कार्यक्रम में केवल भारतीय सैन्य और सिविल अधिकारी ही भाग लेते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2, और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- IN-STEP प्रतिभागियों को सुरक्षा चुनौतियों से निपटने हेतु विचारों और रणनीतियों का आदान-प्रदान करने के लिये एक मूल्यवान मंच प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय, विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय की संयुक्त पहल है। **अत: कथन 2 सही है।**
- IN-STEP केवल भारतीय सैन्य और सिविल अधिकारियों तक सीमित नहीं है। इसमें अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि भी शामिल हैं हाल ही में आयोजित इस सम्मेलन में भारतीय अधिकारियों के अलावा 21 देशों के 27 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि शामिल हुए थे। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**12. SASTRA रामानुजन पुरस्कार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पुरस्कार शानमुघा कला, विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं अनुसंधान अकादमी (SASTRA) विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया जाता है।
2. यह पुरस्कार प्रतिवर्ष 40 वर्ष या उससे कम आयु के गणितज्ञों को गणित में असाधारण योगदान के लिये प्रदान किया जाता है।
3. इस पुरस्कार का नाम गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के सम्मान में रखा गया है और इसमें 10,000 अमेरिकी डॉलर की नकद राशि शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2, और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- SASTRA रामानुजन पुरस्कार शनमुघा कला, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान अकादमी (SASTRA) विश्वविद्यालय, तमिलनाडु द्वारा प्रदान किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह पुरस्कार 32 वर्ष या उससे कम आयु के गणितज्ञों को दिया जाता है, न कि 40 वर्ष या उससे कम आयु के गणितज्ञों को। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इस पुरस्कार का नाम श्रीनिवास रामानुजन के नाम पर रखा गया है और इसमें 10,000 अमेरिकी डॉलर का नकद पुरस्कार शामिल है, जो रामानुजन के काम से प्रभावित क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**13. भुगतान संतुलन (BoP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और विदेशी संस्थागत निवेश (FII) भुगतान संतुलन के चालू खाता भाग के मुख्य घटक हैं।
2. भुगतान संतुलन अधिशेष तब होता है, जब किसी देश का आयात उसके निर्यात से अधिक होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

नोट :

**भुगतान संतुलन (BOP)**

- भुगतान संतुलन (BOP) किसी देश के निवासियों द्वारा किये गए सभी अंतर्राष्ट्रीय लेन-देन का रिकॉर्ड है, जो विदेशी मुद्राओं के सामने रुपए की सापेक्ष मांग को मापता है और विनिमय दरों एवं आर्थिक स्थिरता को प्रभावित करता है।
- भुगतान संतुलन में दो मुख्य घटक होते हैं- चालू खाता और पूंजी खाता।
- चालू खाते में **वस्तु** (भौतिक वस्तुओं का व्यापार, जिसमें घाटा निर्यात की तुलना में आयात अधिक होने का संकेत देता है) और **अदृश्य** (सेवाएँ, स्थानांतरण और निवेश से आय जैसे कारक आय) शामिल होते हैं।
- पूंजी खाता किसी देश की **परिसंपत्तियों** (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, विदेशी संस्थागत निवेश) और **देनदारियों** (ऋण, उधार) में परिवर्तन रिकॉर्ड करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भुगतान संतुलन घाटा तब होता है जब किसी देश का आयात उसके निर्यात से अधिक होता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**14. भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. FSSAI उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त वैधानिक निकाय है।
2. FSSAI खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण, वितरण, बिक्री और आयात को नियंत्रित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण:**

- FSSAI खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत स्थापित एक स्वायत्त वैधानिक निकाय है तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत कार्य करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- FSSAI खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण, वितरण, बिक्री और आयात को नियंत्रित करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **FSSAI के अन्य कार्य और शक्तियाँ:**
  - खाद्य उत्पादों और योजकों के लिये विनियमों तथा मानकों का निर्धारण।
  - खाद्य व्यवसायों को लाइसेंस और रजिस्ट्रीकरण प्रदान करना।
  - खाद्य सुरक्षा कानूनों और विनियमों का प्रवर्तन।
  - खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता की निगरानी तथा पर्यवेक्षण।
  - खाद्य सुरक्षा मुद्दों पर जोखिम मूल्यांकन और वैज्ञानिक अनुसंधान का संचालन करना।

**15. महालया और इसके महत्त्व के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. महालया वह दिन है, जब देवी दुर्गा पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं और राक्षस राजा महिषासुर का वध किया था।
2. यह 'देवी पक्ष' के अंत और 'पितृ पक्ष' के आरंभ का प्रतीक है।
3. कोलकाता में दुर्गा पूजा को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (ICH) की यूनेस्को की प्रतिनिधि सूची में अंकित किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- महालया वह दिन है, जब देवी दुर्गा पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं और राक्षस राजा महिषासुर का वध किया था, जो बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। **अतः कथन 1 सही है।**
- महालया 'पितृ पक्ष' (पूर्वजों को सम्मानित करने के लिये समर्पित अवधि) के अंत का प्रतीक है और 'देवी पक्ष' (देवी दुर्गा की अवधि) की शुरुआत का प्रतीक है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- कोलकाता में दुर्गा पूजा को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (ICH) की यूनेस्को की प्रतिनिधि सूची में अंकित किया गया है।यह एशिया का पहला ऐसा महोत्सव है, जिसे यूनेस्को मानवता के आईसीएच के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

**16. भारत में मंदिरों के राज्य विनियमन की ऐतिहासिक और संवैधानिक पृष्ठभूमि के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन -सा/से कथन सही है/हैं?**

1. धार्मिक बंदोबस्ती अधिनियम, 1863 का उद्देश्य मंदिर का नियंत्रण बिना किसी सरकारी निगरानी के पूरी तरह से धार्मिक समितियों को हस्तांतरित करना था।
2. शिरूर मठ मामले, 1954 में फैसला दिया गया कि धार्मिक संस्थाएँ बिना किसी सरकारी हस्तक्षेप के अपने कार्यों का स्वतंत्र रूप से प्रबंधन कर सकती हैं।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- ब्रिटिश सरकार के **धार्मिक बंदोबस्ती अधिनियम, 1863** का उद्देश्य मंदिर के नियंत्रण को समितियों को हस्तांतरित करके मंदिर प्रबंधन को धर्मनिरपेक्ष बनाना था लेकिन **नागरिक प्रक्रिया संहिता** और **धर्मार्थ तथा धार्मिक ट्रस्ट अधिनियम (1920) जैसे विधिक ढाँचों के माध्यम से सरकारी प्रभाव को बनाए रखा गया। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **शिरूर मठ बनाम आयुक्त, हिंदू धार्मिक बंदोबस्ती, मद्रास मामला, 1954 में** भारत के सर्वोच्च न्यायालय (SC) ने फैसला दिया कि धार्मिक संस्थाओं को अनुच्छेद 26 (D) के तहत स्वतंत्र रूप से अपने मामलों का प्रबंधन करने का अधिकार है जब तक कि वे लोक व्यवस्था, नैतिकता या स्वास्थ्य के विपरीत नहीं होते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यूरोपीय संघ के सामान्य डेटा संरक्षण विनियमन (GDPR) के अनुसार 16 वर्ष से कम आयु के सभी उपयोगकर्त्ताओं के लिये इंटरनेट का उपयोग करने हेतु माता-पिता की सहमति अनिवार्य है।
2. भारत के डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम (DPDPA), 2023 का उद्देश्य 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के सोशल मीडिया के उपयोग को विनियमित करना है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2015 में, यूरोपीय संघ ने 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को माता-पिता की सहमति के बिना इंटरनेट तक पहुँच पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून प्रस्तावित किया था। जनरल सामान्य डेटा संरक्षण विनियमन (GDPR) (डेटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन), 2018 यूरोपीय संघ में सख्त डेटा गोपनीयता मानक निर्धारित करता है, जो उपयोगकर्त्ताओं को उनकी व्यक्तिगत जानकारी पर नियंत्रण प्रदान करता है तथा एक वैश्विक बेंचमार्क के रूप में कार्य करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत के डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम (DPDPA) 2023 का उद्देश्य बच्चों के सोशल मीडिया के उपयोग को विनियमित करना है। DPDPA की धारा 9 में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के डेटा को संभालने के लिये 3 शर्तें बताई गई हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है**

**18. हाल ही में चर्चा में रही मैड्रिड अंतर्राष्ट्रीय कार्य योजना तथा वियना अंतर्राष्ट्रीय कार्य योजना निम्नलिखित में से किस मुद्दे से संबंधित हैं?**

A. जलवायु परिवर्तन शमन
B. वृद्ध जनसंख्या और वृद्धजन देखभाल
C. वैश्विक व्यापार और वाणिज्य
D. मानवाधिकार और शरणार्थी संरक्षण

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **मैड्रिड और वियना कार्य योजनाएँ** वृद्धजन आबादी की चुनौतियों से निपटने के लिये वैश्विक नीतियों पर ध्यान केंद्रित करती हैं, तथा वृद्धजनों की देखभाल और कल्याण पर ज़ोर देती हैं।
- **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा** 1 अक्तूबर, 2024 को **अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जाएगा।**
- 14 अक्तूबर, 1990 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा निर्धारित यह नीति, **वृद्धावस्था पर वियना अंतर्राष्ट्रीय कार्य योजना (1982)** और वृद्ध व्यक्तियों के लिये संयुक्त राष्ट्र सिद्धांतों पर आधारित है।

नोट :

- संयुक्त राष्ट्र का स्वस्थ आयु दशक (2021-2030) अच्छे स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती पर सतत् विकास लक्ष्य-3 के अनुरूप है।
  - भारत ने वर्ष 1999 में वृद्ध व्यक्तियों पर राष्ट्रीय नीति (NPOP) तैयार की तथा **मैड्रिड अंतर्राष्ट्रीय वृद्धावस्था कार्य योजना ( 2002 ) पर हस्ताक्षरकर्त्ता है।**
- **अत: विकल्प B सही है।**

**19. हैजा से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह आंत के संक्रमण के कारण होने वाली एक तीव्र दस्त संबंधी बीमारी है
2. कुपोषित बच्चों और HIV/एड्स से पीड़ित व्यक्तियों में मृत्यु का जोखिम अधिक होता है।
3. वर्तमान में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुमोदित केवल एक ही हैजा वैक्सीन है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- हैजा, एक **जल जनित रोग है** जो मुख्यत: **विब्रियो कोलेरी नामक जीवाणु के कारण होता है** ।
  - यह आंत के संक्रमण के कारण होने वाली एक **तीव्र दस्त की बीमारी है। अत: कथन 1 सही है।**
- इसमें गंभीर दस्त, उल्टी, पैरों में ऐंठन और कमजोरी की समस्या हो जाती है तथा यदि इसका उपचार न किया जाए तो निर्जलीकरण के कारण मृत्यु भी हो सकती है।
- किसी व्यक्ति को जीवाणु से दूषित पानी पीने या भोजन खाने से हैजा हो सकता है।
  - यह रोग उन क्षेत्रों में तेज़ी से फैल सकता है जहाँ **सीवेज़ और पेयजल का उपचार अपर्याप्त** है।
- कमज़ोर आबादी, विशेष रूप से **कुपोषित बच्चे और ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस ( HIV )/एक्वायर्ड इम्यूनोडेफिशिएंसी सिंड्रोम** स्टेज (एड्स) से पीड़ित व्यक्ति मृत्यु दर के उच्च जोखिम में हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्तमान में 3 WHO प्री-क्वालिफाइड ओरल कोलेरा वैक्सीन **( OCV ) डुकोराल, शंचोल और यूविचोल-प्लस** हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**20. भारतजेन के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारतीय भाषाओं के लिये विश्व की पहली सरकारी वित्त पोषित मल्टीमॉडल लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) परियोजना है।
2. इसका नेतृत्व IIT बॉम्बे द्वारा राष्ट्रीय अंत:विषयी साइबर-भौतिक प्रणाली मिशन (NM-IPCS) के अंतर्गत किया जाता है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारतजेन:**

- यह एक **जनरेटिव AI पहल शुरू की है, जिसे सार्वजनिक सेवा वितरण को बढ़ाने के लिये डिज़ाइन किया गया है।**
- इसका उद्देश्य भारत की सामाजिक-सांस्कृतिक और भाषाई विविधता को संबोधित करने के लिये भाषा, भाषण तथा कंप्यूटर दृष्टि में आधारभूत मॉडल तैयार करना है।
- यह भारतीय भाषाओं के लिये विश्व की **पहली सरकारी वित्त पोषित मल्टीमॉडल लार्ज लैंग्वेज मॉडल ( LLM )** परियोजना है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - LLM ऐसी AI प्रणालियाँ हैं जो विशाल मात्रा में पाठ्य डेटा को संसाधित करके मानव भाषा को समझने और उत्पन्न करने में सक्षम हैं।
- इसका नेतृत्व IIT बॉम्बे द्वारा अंतरविषयी साइबर-भौतिकी प्रणाली से संबंधित राष्ट्रीय मिशन (NM-ICPS) के तहत किया जाता है तथा इसमें IIT और IIM इंदौर जैसे शैक्षणिक संस्थानों का सहयोग शामिल है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसमें **भारत-केंद्रित डेटा को व्यवस्थित करने हेतु** प्रक्रियाएँ विकसित करने पर ज़ोर दिया गया है जिससे देश का अपने डिजिटल संसाधनों पर नियंत्रण बढ़ सके।

नोट :

**21. विशाखापत्तनम में द्वितीय विश्व युद्ध के पिलबॉक्स के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. ये पिलबॉक्स द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान संभावित दुश्मन आक्रमणों से विशाखापत्तनम के तटों की रक्षा के लिये एक सामरिक रक्षा प्रणाली का हिस्सा थे।
2. "पिलबॉक्स" नाम इसकी बॉक्स जैसी संरचना से लिया गया है जिसे सैनिकों के लिये गोला-बारूद और आपूर्ति को संग्रहीत करने के लिये डिज़ाइन किया गया था।
3. विशाखापत्तनम में सबसे अधिक दिखाई देने वाला पिलबॉक्स आर.के. समुद्र तट के कटाव के कारण सामने आया।
4. ये पिलबॉक्स सामरिक केंद्र के रूप में कार्य करते थे, जो समुद्र तट की रक्षा के लिये भूदृश्य में छिपे रहते थे तथा दुश्मनों पर गोलीबारी करने वाले सैनिकों को कवर प्रदान करते थे।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. 1, 3, और 4
B. केवल 1 और 4
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 4

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**विशाखापत्तनम में पिलबॉक्स:**

**परिचय:**

- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान निर्मित पिलबॉक्स, संभावित दुश्मन आक्रमणों से **विशाखापत्तनम के तटों की सुरक्षा के लिये एक रणनीतिक रक्षा नेटवर्क का हिस्सा** थे। **अतः कथन 1 सही है।**
- **"पिलबॉक्स" नाम 20वीं सदी की शुरुआत में गोलियों को रखने के लिये इस्तेमाल किये जाने वाले दवा के कंटेनरों से मिलता जुलता है । अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **विशाखापत्तनम के पिलबॉक्स:**
  - सबसे ज़्यादा **दिखाई देने वाला पिलबॉक्स आर.के समुद्री तट पर स्थित है** , जो समुद्र तट के कटाव से प्रकट हुआ है, जबकि जलारिपेटा मछली पकड़ने वाली कॉलोनी में दूसरा पिलबॉक्स रेत, कचरे के नीचे **दबा हुआ है। अतः कथन 3 सही है।**
    - युद्ध के दौरान विशाखापत्तनम एक महत्त्वपूर्ण लक्ष्य था, क्योंकि यह **एक गहरे प्राकृतिक बंदरगाह वाला भारत का प्रमुख नौसैनिक अड्डा** है।
- **सामरिक महत्त्व:**
  - चूँकि पिलबॉक्स को आसपास के वातावरण का हिस्सा जैसा दिखने के लिये बनाया गया था, इसलिये दुश्मन के लिये उन्हें ढूंढना मुश्किल था।
  - वे सामरिक केंद्र के रूप में कार्य करते थे, जिससे सैनिकों को समुद्र तट की रक्षा करने में सहायता मिलती थी, साथ ही दुश्मनों पर गोलीबारी के लिये सुरक्षित कवर भी मिलता था। **अतः कथन 4 सही है।**

**22. आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये?**

1. ABDM को सभी भारतीय नागरिकों को डिजिटल स्वास्थ्य आईडी प्रदान करने के लिये लॉन्च किया गया था।
2. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) ABDM के कार्यान्वयन के लिये ज़िम्मेदार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) वास्तव में सभी भारतीय नागरिकों को डिजिटल स्वास्थ्य आईडी प्रदान करने, इलेक्ट्रॉनिक रूप से स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक पहुँच की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत संचालित ABDM के लिये कार्यान्वयन एजेंसी है, जो मिशन के निष्पादन की देखरेख करती है। **अतः कथन 2 सही है।**

**23. लिटिल प्रेस्पा झील के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अल्बेनियाई-ग्रीक सीमा पर स्थित है।
2. यह यूरोप की सबसे पुरानी विवर्तनिकी झीलों में से एक है।
3. किलिमंजारो पर्वत, प्रेस्पा झील को ओहरिड झील से अलग करते हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**लिटिल प्रेस्पा झील:**

- यह अल्बेनियाई-ग्रीक सीमा पर स्थित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह यूरोप की **सबसे पुरानी विवर्तनिकी झीलों** में से एक है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **गैलिसिका पर्वत,** प्रेस्पा झील को ओहरिड झील से अलग करते हैं जो यूरोप की सबसे पुरानी और गहरी झीलों में से एक है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत विश्व में चौथा सबसे बड़ा तिलहन उत्पादक देश है।
2. भारत तिलहन के आयात पर बहुत अधिक निर्भर है, जो खाद्य तेलों की घरेलू मांग का 57% हिस्सा है।
3. पूर्वोत्तर राज्यों पर विशेष ध्यान देने के साथ पाम ऑयल के क्षेत्र को बढ़ाने के लिये वर्ष 2021 में राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-ऑयल पाम (NMEO-OP) शुरू किया गया था।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**तिलहन:**

- भारत विश्व में **चौथा सबसे बड़ा तिलहन उत्पादक** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत, तिलहन के आयात पर बहुत अधिक निर्भर है, जो खाद्य तेलों की घरेलू मांग का 57% है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-ऑयल पाम (NMEO-OP),** वर्ष 2021 में शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य वर्ष 2025-26 तक पाम ऑयल के क्षेत्र को 10 लाख हेक्टेयर तक बढ़ाना है, जिसमें पूर्वोत्तर राज्यों पर विशेष ध्यान दिया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**

**25. SMR-300 (स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. SMR-300 एक कॉम्पैक्ट दाबित हल्का जल रिएक्टर है जो कम से कम 300 मेगावाट विद्युत ऊर्जा उत्पन्न करता है।
2. भारत के परमाणुवीय नुकसान के लिये सिविल दायित्व अधिनियम, 2010 से उपकरण विनिर्माताओं को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के माध्यम से परमाणु क्षेत्र में विदेशी निवेश आकर्षित होता है।
3. SMR-300 प्रौद्योगिकी कोयला आधारित संयंत्रों की जगह लेकर, भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन में सहायक हो सकती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- SMR-300 एक उन्नत दाबित हल्का जल रिएक्टर है, जिसमें विखंडन के माध्यम से कम से कम 300 मेगावाट (MWe) विद्युत शक्ति उत्पन्न करने के लिये लो इनरिच्ड यूरेनियम ईंधन का उपयोग होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **परमाणुवीय नुकसान के लिये सिविल दायित्व अधिनियम, 2010** से उपकरण विनिर्माताओं पर दायित्व पड़ने से विदेशी परमाणु आपूर्तिकर्त्ताओं के लिये चुनौतियाँ पैदा होती हैं, जिससे विदेशी निवेश हतोत्साहित होता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- SMR-300 प्रौद्योगिकी कोयला आधारित संयंत्रों की जगह लेकर, भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन में सहायक हो सकती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**26. क्लिनिकल रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (CRO) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CRO केवल एक वाणिज्यिक इकाई या कानूनी दर्जा प्राप्त शैक्षणिक संस्थान ही हो सकता है।
2. प्रायोजक से CRO को ज़िम्मेदारियों का हस्तांतरण लिखित रूप में किया जाना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- एक **क्लिनिकल रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (CRO)** वाणिज्यिक, शैक्षणिक, व्यक्तिगत रूप से स्वामित्व वाला या कानूनी दर्जा प्राप्त कोई भी निकाय हो सकता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - CRO को ज़िम्मेदारियाँ लिखित रूप में सौंपी जानी आवश्यक हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**27. टाइफून के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. टाइफून उष्ण सागरीय जल के ऊपर निर्मित होते हैं और इनकी वायु गति 119 किलोमीटर प्रति घंटे या उससे अधिक होती है।
2. टाइफून के कारण उत्तरी गोलार्ध में कम दबाव वाले क्षेत्र के चारों ओर वायु दक्षिणावर्त दिशा में घूमने लगती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- टाइफून उष्ण सागरीय जल के ऊपर निर्मित होते हैं और इनकी वायु गति 119 किलोमीटर प्रति घंटे या उससे अधिक होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- उत्तरी गोलार्ध में तूफान के दौरान वायु कम दबाव वाले क्षेत्र के चारों ओर वामावर्त प्रवाहित होती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**28. भारत में शैक्षणिक स्वतंत्रता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. शैक्षणिक स्वतंत्रता सूचकांक (AFI) के अनुसार, भारत निम्न शैक्षणिक स्वतंत्रता वाले देशों में से एक है।
2. AFI के अनुसार भारत अब "आंशिक रूप से प्रतिबंधित" श्रेणी में है।
3. राजनीतिक नियंत्रण और बहुसंख्यकवादी धार्मिक एजेंडे भारतीय विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक स्वतंत्रता को प्रभावित करने से संबंधित प्रमुख चिंताएँ हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- शैक्षणिक स्वतंत्रता सूचकांक (AFI) के अनुसार भारत में शैक्षणिक स्वतंत्रता का स्तर बहुत कम है। इसमें भारत ने 0.18 अंक प्राप्त किए, जो चेकिया या चेक गणराज्य जैसे देशों (0.98 अंक) की तुलना में काफी कम है। **अत: कथन 1 सही है।**
- AFI के अनुसार भारत अब **"पूर्ण रूप से प्रतिबंधित" श्रेणी** में है जो 1940 के दशक के मध्य के बाद से इसका सबसे निम्न स्कोर है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- फ्री टू थिंक, 2024 रिपोर्ट में कहा गया है कि विश्वविद्यालयों में राजनीतिक नियंत्रण और बहुसंख्यकवादी धार्मिक एजेंडा लागू करने के बढ़ते प्रयास भारत में शैक्षणिक स्वतंत्रता के लिये प्रमुख खतरे हैं। **अत: कथन 3 सही है।**
- **अत: विकल्प B सही है।**

**29. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. स्वच्छ भारत मिशन (SBM) को 2 अक्तूबर, 2014 को पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया था।
2. SBM के अंतर्गत शहरी भारत खुले में शौच से मुक्त (ODF) हो गया है तथा सभी 4,715 शहरी स्थानीय निकाय (ULBs) पूरी तरह से ODF हो गए हैं।
3. किसी क्षेत्र को खुले में शौच से मुक्त घोषित करने के लिये मानदंड यह है कि नागरिकों को शौचालय तक पूर्ण पहुँच की गारंटी दी जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी व्यक्ति दिन या रात के किसी भी समय खुले में शौच के लिये न जाए।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- स्वच्छ भारत मिशन (SBM) को 2 अक्तूबर, 2014 को पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय तथा आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- स्वच्छ भारत मिशन (SBM) की एक बड़ी उपलब्धि यह है कि शहरी भारत को खुले में शौच से मुक्त (ODF) घोषित कर दिया गया है जिसमें सभी 4,715 शहरी स्थानीय निकायों (ULBs) ने ODF का दर्जा हासिल कर लिया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- खुले में शौच मुक्त (ODF) माने जाने के लिये किसी क्षेत्र को निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करना होगा: किसी क्षेत्र को खुले में शौच से मुक्त घोषित करने के लिये मानदंड यह है कि नागरिकों को शौचालय तक पूर्ण पहुँच की गारंटी दी जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी व्यक्ति दिन या रात के किसी भी समय खुले में शौच के लिये न जाए। **अतः कथन 3 सही है।**
- **अतः विकल्प B सही है।**

**30. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| रक्षा प्रणाली | कार्य |
|---|---|
| तेजस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट | स्वदेशी मानव रहित हवाई यान |
| आकाश मिसाइल प्रणाली | एक मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली |
| NETRA UAV | स्वदेशी बहु-भूमिका वाला लड़ाकू विमान |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **तेजस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (LCA)** एक **स्वदेशी बहु-भूमिका वाला लड़ाकू विमान** है, जिसे DRDO द्वारा अन्य अभिकरणों के सहयोग से डिज़ाइन और विकसित किया गया है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- आकाश एक **मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है,** जो भारतीय सेना और वायु सेना को हवाई रक्षा सहायता प्रदान करती है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- **NETRA UAV एक** स्वदेशी मानव रहित हवाई यान है, जिसे निगरानी और टोही कार्यों के लिये डिज़ाइन **किया गया है। अतः युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**
- **अतः विकल्प A सही है।**

**31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कैरेबियन सागर का तीसरा सबसे बड़ा द्वीप है।
2. यह हैती के पश्चिम और क्यूबा के दक्षिण में स्थित है।
3. इसे वर्ष 1962 में ब्रिटेन से स्वतंत्रता प्राप्त हुई तथा यह राष्ट्रमंडल का सदस्य है।

**उपरोक्त विशेषताओं में निम्नलिखित में से किस द्वीपीय देश का वर्णन किया गया है?**

A. जमैका

B. बारबाडोस

C. त्रिनिदाद और टोबैगो

D. सेण्ट लूसिया

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**जमैका:**

- यह **वेस्टइंडीज का एक द्वीपीय देश है,** जो **कैरेबियन सागर में** क्यूबा और हिस्पानियोला के बाद तीसरा सबसे बड़ा द्वीप है।
- यह **हैती के पश्चिम में, क्यूबा के दक्षिण में, मुख्य भूमि के निकटतम बिंदु केप ग्रेसियस-ए-डिओस के उत्तर-पूर्व में, मध्य अमेरिका के कैरीबियाई तट पर स्थित है।**
    - राष्ट्रीय **राजधानी किंग्स्टन है।**
- **जमैका को वर्ष 1962 में ब्रिटेन से स्वतंत्रता मिली** और वह राष्ट्रमंडल का सदस्य बना हुआ है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**32. कोडेक्स एलीमेंटेरियस कमीशन (CAC) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CAC की स्थापना खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा वर्ष 963 में की गई थी।
2. CAC का प्राथमिक उद्देश्य उपभोक्ता स्वास्थ्य की रक्षा के लिये अंतर्राष्ट्रीय खाद्य मानक निर्धारित करना तथा निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं को सुनिश्चित करना है।
3. CAC के 189 कोडेक्स सदस्य हैं, जिसमें भारत जैसे देश शामिल हैं जो खाद्य मानकों को विकसित करने में योगदान देते हैं।
4. CAC विशेष रूप से खाद्य सुरक्षा से संबंधित विनियमों पर ध्यान केंद्रित करता है तथा पोषण संबंधी दिशा-निर्देशों पर ध्यान नहीं देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1, 2, और 3
C. केवल 2 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- कोडेक्स एलीमेंटेरियस आयोग (CAC) की स्थापना वर्ष 1963 में FAO और WHO द्वारा की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
  - CAC का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ता स्वास्थ्य की रक्षा और निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं को सुनिश्चित करने के लिये अंतर्राष्ट्रीय खाद्य मानक निर्धारित करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- CAC के 189 कोडेक्स सदस्य हैं, जिसमें भारत जैसे देश शामिल हैं जो खाद्य मानकों को विकसित करने में योगदान देते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
- जबकि CAC खाद्य सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करता है, यह विशेष आहार खाद्य पदार्थों के लिये पोषण संबंधी दिशा-निर्देशों और मानकों को भी संबोधित करता है, जिससे इसका दायरा केवल खाद्य सुरक्षा से कहीं अधिक व्यापक हो जाता है। **अतः कथन 4 सही नहीं है।**

**33. समाचारों में चर्चित चैटफील्ड समिति निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

1. रक्षा नीति
2. कृषि सुधार
3. दूरसंचार विनियमन
4. आर्थिक नीति समीक्षा

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **चैटफील्ड समिति** की स्थापना ब्रिटिश सरकार द्वारा **वर्ष 1938** में भारत की रक्षा आवश्यकताओं का आकलन तथा इसके सैन्य बलों को मज़बूत करने हेतु सिफारिशें के रूप में की गई थी।
  - चैटफील्ड आयोग की रिपोर्ट ब्रिटिश कैबिनेट कार्यालय के पास मौजूद है।
- इसके द्वारा प्रमुख बंदरगाहों की रक्षा में सहायता के लिये स्वैच्छिक आधार पर पाँच उड़ानें स्थापित करने की योजना प्रस्तावित की गई।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**34. निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**

1. 18वीं शताब्दी के अंत में फ्राँसीसियों द्वारा अफ्रीका और भारत से दास श्रमिकों को इस द्वीप पर लाया जाना।
2. वर्ष 1814 में नेपोलियन बोनापार्ट की पराजय के बाद यूनाइटेड किंगडम द्वारा इसका नियंत्रण अपने हाथों में लेना।
3. वर्ष 1965 में यह द्वीप ब्रिटिश हिंद महासागर क्षेत्र का भाग बन जाना।

**निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र उपर्युक्त विशेषताओं को सबसे बेहतर रूप से वर्णित करता है?**

A. सेशल्स
B. फिजी
C. मालदीव
D. चागोस द्वीपसमूह

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **चागोस द्वीपसमूह** में 58 द्वीप हैं और यह हिंद महासागर में मालदीव से लगभग 500 किमी दक्षिण में स्थित है।
  - वर्ष 1715 में चागोस द्वीपसमूह के साथ मॉरीशस को सबसे पहले फ्राँसीसियों ने उपनिवेश बनाया था।

नोट :

- 18वीं शताब्दी के अंत में फ्राँसीसियों द्वारा यहाँ पर नव स्थापित नारियल बागानों में कार्य करने के लिये **अफ्रीका और भारत से दास श्रमिकों को लाया गया।**
- हालाँकि नेपोलियन बोनापार्ट के पतन के बाद वर्ष **1814 में ब्रिटेन ने इस क्षेत्र पर नियंत्रण कर लिया।**
- **वर्ष 1965 में ब्रिटेन ने ब्रिटिश हिंद महासागर क्षेत्र ( BIOT ) का गठन किया** जिसमें चागोस द्वीप समूह केंद्रीय थे।
- **अत: विकल्प D सही है।**

**35. अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स में आमतौर पर संरक्षक, कृत्रिम रंग और स्वीटनर्स जैसे योजक होते हैं।
2. अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स के सेवन से आँत के माइक्रोबायोम स्वास्थ्य में विकार होता है।
3. मिनीमली प्रोसेस्ड फूड्स में प्री-पैकेज्ड स्नैक्स और रेडी-टू-ईट खाद्य पदार्थ शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स में आमतौर पर संरक्षक, कृत्रिम रंग और स्वीटनर्स जैसे योजक होते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स के सेवन से आँत के माइक्रोबायोम स्वास्थ्य में विकार होता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- मिनीमली प्रोसेस्ड फूड्स में प्री-पैकेज्ड स्नैक्स और रेडी-टू-ईट खाद्य पदार्थ शामिल नहीं होते हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**36. राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ( NCDRC ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NCDRC की स्थापना उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत की गई थी।
2. NCDRC को 2 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की शिकायतों पर विचार करने का अधिकार प्राप्त है।
3. NCDRC के निर्णयों के विरुद्ध अपील सीधे उच्च न्यायालय में की जा सकती है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 2

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- NCDRC की स्थापना उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- NCDRC को 2 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की शिकायतों पर विचार करने का अधिकार मिलता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- NCDRC के फैसलों के विरुद्ध अपील सर्वोच्च न्यायालय में दायर की जाती है, उच्च न्यायालयों में नहीं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**37. खाड़ी सहयोग परिषद ( GCC ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 'खाड़ी देश' शब्द का तात्पर्य मध्य एशियाई क्षेत्र में स्थित देशों के समूह से है।
2. GCC की स्थापना इसके सदस्य देशों के मध्य सहयोग, एकीकरण और संपर्क बढ़ाने के उद्देश्य से की गई थी, जो उनकी क्षेत्रीय और सांस्कृतिक निकटता पर आधारित हैं।
3. इराक, GCC का सदस्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- "खाड़ी देश" शब्द मध्य पूर्व के फारस की खाड़ी क्षेत्र में स्थित देशों के समूह को संदर्भित करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- GCC की स्थापना इसके सदस्य देशों के बीच सहयोग, एकीकरण और संपर्क बढ़ाने के लिये की गई थी, जो उनकी क्षेत्रीय और सांस्कृतिक निकटता पर आधारित है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- इराक एकमात्र खाड़ी देश है जो GCC का सदस्य देश नहीं है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- GCC के सदस्य देशों में शामिल हैं:
  - बहरीन
  - कुवैत
  - ओमान
  - कतर
  - सऊदी अरब
  - संयुक्त अरब अमीरात
- ये सभी खाड़ी सहयोग परिषद (GCC) के सदस्य देश हैं।

**38. ट्रेकोमा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ट्रेकोमा एक जीवाणु जनित संक्रमण है, जिसका उपचार न किया जाए तो यह दृष्टिहीनता का कारण बन सकता है।
2. विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वर्ष 2017 में भारत को आधिकारिक तौर पर संक्रामक ट्रेकोमा से मुक्त घोषित किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- ट्रेकोमा एक जीवाणु जनित नेत्र संक्रमण है, जो **क्लैमाइडिया ट्रैकोमैटिस (Chlamydia trachomatis) के कारण होता है, तथा यदि इसका उपचार न किया जाए तो यह अपूरणीय दृष्टिहीनता** का कारण बन सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2017 में, भारत को संक्रामक ट्रेकोमा रोग से मुक्त घोषित कर दिया गया। हालाँकि, वर्ष 2019 से 2024 तक, भारत के सभी ज़िलों में ट्रेकोमा के मामलों की निगरानी जारी रही। **अतः कथन 2 सही है।**

**39. सूडान की भौगोलिक स्थिति के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सूडान की सीमा पूर्व में लाल सागर से साझा करती है।
2. सूडान की सीमा उत्तर में ईरान से साझा करती है।
3. विश्व की सबसे लंबी नदियों में से एक नील नदी उत्तर से दक्षिण तक सूडान से होकर प्रवाहित होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सूडान:**

- सूडान की सीमा पूर्व में **लाल सागर** से साझा करतीहै । **अतः कथन 1 सही है।**
- सूडान उत्तर में **मिस्र** के साथ सीमा साझा करता है । **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- नील नदी सूडान से होकर प्रवाहित होती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**40. गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये मांग जमा स्वीकार नहीं कर सकती हैं।
2. इनकी जमाराशि पर डिपाज़िट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन द्वारा बीमा प्रदान किया जाता है।
3. इनकी कुल परिसंपत्तियों का 50% से अधिक हिस्सा वित्तीय परिसंपत्तियों में होना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC)** को एक ऐसी कंपनी के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो **कंपनी अधिनियम, 1956** के अधीन कार्य करती है, जो मुख्य रूप से ऋण और अग्रिम प्रदान करने, शेयर, बॉन्ड और डिबेंचर जैसी वित्तीय प्रतिभूतियों को प्राप्त करने के साथ-साथ पट्टे और किराया-खरीद लेनदेन में संलग्न है।

नोट :

- यद्यपि NBFC बैंकों के समान कार्य करती हैं फिर भी उनमें कई प्रमुख अंतर हैं।
- **NBFC मांग जमा स्वीकार नहीं कर सकती हैं। अत: कथन 1 सही है।**
  - NBFC भुगतान एवं निपटान प्रणाली का हिस्सा नहीं हैं और ये स्वयं पर चेक जारी नहीं कर सकती हैं।
- बैंकों के विपरीत, **NBFC के जमाकर्त्ताओं को डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन की जमा बीमा सुविधा उपलब्ध नहीं** है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- NBFC को अपने मुख्य व्यवसाय के रूप में वित्तीय गतिविधियों का संचालन करना चाहिये। इसका तात्पर्य है कि **इसकी कुल संपत्ति का 50% से अधिक हिस्सा** वित्तीय परिसंपत्तियों में होना चाहिये और इसी तरह, वित्तीय परिसंपत्तियों से आय इसकी सकल आय के 50% से अधिक होनी चाहिये। **अत: कथन 3 सही है।**

**41. हाल ही में समाचारों में रहे लिन-4 और लिन-14 निम्नलिखित में से किससे संबंधित हैं?**

A. स्तनधारियों में प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाओं के विनियमन से
B. नेमाटोड सी. एलिगेंस के विकासात्मक समय से
C. हृदय रोग से संबंधित आनुवंशिक विकार से
D. पौधों में सिग्नल संचरण पथ से

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **लिन-4 और लिन-14 नेमाटोड कैनोरहैबडाइटिस एलिगेंस (Nematode Caenorhabditis Elegans) में विकासात्मक समय के अध्ययन** में महत्वपूर्ण हैं।
- एम्ब्रोस और रुवकुन के अभूतपूर्व अनुसंधान से पता चला कि **लिन-4 एक microRNA है जो लिन-14 की अभिव्यक्ति को नियंत्रित करता है तथा यह** जीव में विकासात्मक घटनाओं के समय को नियंत्रित करने के क्रम में महत्त्वपूर्ण जीन है।
- लिन-4 कुछ विकासात्मक प्रक्रियाओं को सही चरणों में घटित होने को सुनिश्चित करता है।
- यह खोज महत्वपूर्ण थी क्योंकि इसने **पोस्ट-ट्रांसक्रिप्शनल जीन विनियमन में microRNA की भूमिका स्थापित की,** तथा इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे छोटे RNA अणु बहुकोशिकीय जीवों में जीन अभिव्यक्ति और विकास को प्रभावित कर सकते हैं।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**42. किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अधिनियम जघन्य अपराधों के मामलों में 16-18 वर्ष की आयु के किशोरों पर वयस्कों की तरह मुकदमा चलाने की अनुमति प्रदान करता है।
2. इसने हिंदू दत्तक ग्रहण एवं भरण-पोषण अधिनियम, 1956 और वार्ड संरक्षक अधिनियम, 1890 को प्रतिस्थापित कर एक अधिक सुलभ दत्तक ग्रहण कानून बनाया।
3. इस अधिनियम के अंतर्गत केन्द्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (CARA) को एक सांविधिक निकाय बनाया गया है।
4. बाल देखभाल संस्थानों (CCI) को, चाहे वे राज्य या गैर-सरकारी संगठनों द्वारा संचालित हों, अधिनियम के लागू होने के 6 महीने के भीतर अधिनियम के तहत पंजीकृत होना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

A. केवल 1, 2 और 3
B. केवल 1 और 4
C. केवल 2, 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- अधिनियम 16-18 वर्ष की आयु के किशोरों को वयस्कों की तरह मुकदमा चलाने की अनुमति प्रदान करता है, यदि वे जघन्य अपराधों (7 वर्ष या उससे अधिक कारावास से दंडनीय अपराध) में शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस अधिनियम ने हिंदू दत्तक ग्रहण और भरण-पोषण अधिनियम, 1956 और वार्ड संरक्षक अधिनियम, 1890 को प्रतिस्थापित कर अधिक सार्वभौमिक रूप से सुलभ दत्तक ग्रहण कानून की शुरुआत की है। **अत: कथन 2 सही है।**
- अधिनियम ने केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (CARA) को एक वैधानिक निकाय बनाया, जो अनाथ, आत्मसमर्पित और परित्यक्त बच्चों के लिए सुचारू एवं विनियमित गोद लेने की प्रक्रिया को सुनिश्चित करता है। **अत: कथन 3 सही है।**
- सभी बाल देखभाल संस्थान (CCI), चाहे वे राज्य द्वारा चलाए जा रहे हों या गैर-सरकारी संगठनों (NGO) द्वारा, अधिनियम के लागू होने के 6 महीने के भीतर पंजीकृत होने चाहिये। **अत: कथन 4 सही है।**

नोट :

**43. कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन के संबंध, में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे मूल रूप से समुद्री सुरक्षा पर NSA ट्राईलेटरल के रूप में जाना जाता था और इसे वर्ष 2011 में स्थापित किया गया था।
2. यह हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा बढ़ाने के लिये श्रीलंका की एक पहल थी।
3. भारत, श्रीलंका और मालदीव इसके संस्थापक सदस्य थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन:**

- इसे मूल रूप से समुद्री सुरक्षा पर NSA ट्राईलेटरल के रूप में जाना जाता था और इसे वर्ष 2011 में भारत, श्रीलंका एवं मालदीव के बीच स्थापित किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा बढ़ाने के लिये श्रीलंका की एक पहल थी। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत, श्रीलंका और मालदीव इसके संस्थापक सदस्य थे। **अत: कथन 3 सही है।**

**44. अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की जाती है:**

A. अमेरिकी अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (USCIRF)
B. विश्व बैंक
C. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
D. इनमे से कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट:**

- **हाल ही में भारत ने अमेरिकी अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (USCIRF)** की अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट को खारिज कर इसे एक राजनीतिक एजेंडे वाला पक्षपाती संगठन करार दिया।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**45. लोथल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह राजस्थान में स्थित हड़प्पा सभ्यता के सबसे पश्चिमी स्थलों में से एक है।
2. लोथल में विश्व का सबसे पुराना ज्ञात डॉक था, जो शहर को साबरमती नदी के प्राचीन मार्ग से जोड़ता था।
3. लोथल को अप्रैल 2014 में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में नामित किया गया था।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**लोथल:**

- यह गुजरात के भाल क्षेत्र में स्थित हड़प्पा सभ्यता के **सबसे दक्षिणी स्थलों** में से एक है । **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- लोथल में विश्व का सबसे पुराना ज्ञात डॉक था, जो शहर को साबरमती नदी के प्राचीन मार्ग से जोड़ता था। **अत: कथन 2 सही है।**
- लोथल को अप्रैल 2014 में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में नामित किया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**

**46. कभी-कभी समाचारों में दिखने वाले लैम्बस्क्वाटर्स, क्वैक ग्रास और डंडेलियन निम्नलिखित में से किससे संबंधित हैं?**

A. सजावटी बगीचे के पौधे
B. औषधीय जड़ी बूटियाँ
C. सामान्य कृषि खरपतवार
D. खाने योग्य जंगली पौधे

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **लैम्बस्क्वाटर्स, क्वैक ग्रास और डंडेलियन को** उनकी आक्रामक वृद्धि और प्रतिस्पर्द्धी प्रकृति के कारण **सामान्य कृषि खरपतवारों** के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
- खरपतवार **आमतौर पर ऐसे अवांछित पौधे** होते हैं जो कृषि या पारिस्थितिकी संतुलन को बाधित करते हैं।
  - ये फसलों और अन्य वनस्पतियों के साथ आक्रामक रूप से प्रतिस्पर्द्धा करते हैं।

नोट :

- खरपतवार विविध पर्यावरणीय परिस्थितियों के प्रति अनुकूलन क्षमता प्रदर्शित करते हैं, जिससे ये विभिन्न परिस्थितियों में विकसित हो जाते हैं।
- **अत: विकल्प C सही है।**

**47. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिये:**

1. बम्बई में भारत के पहले डाकघर की स्थापना।
2. भारत का पहला डाक टिकट सिंधे डॉक जारी किया गया।
3. भारत यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन में शामिल हुआ।

**घटनाओं को उनके घटित होने के क्रम में व्यवस्थित कीजिये:**

A. 1, 2, 3
B. 2, 1, 3
C. 1, 3, 2
D. 2, 3, 1

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत की डाक सेवा की उपलब्धियों में वर्ष 1852 को पहला डाक टिकट **"सिंडे डॉक" जारी था तथा उसके बाद वर्ष 1854 में बॉम्बे में पहला डाकघर** स्थापित किया गया था।
- भारत वर्ष 1874 में बर्न, स्विटज़रलैंड में अपनी स्थापना के दो वर्ष बाद वर्ष **1876** में **यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (UPU) में शामिल हुआ।**
  - UPU ने **अंतर्राष्ट्रीय डाक विनियमों को मानकीकृत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है,** जिससे सीमाओं के पार सुचारू एवं कुशल डाक विनिमय सुनिश्चित हुआ है।
- **अत: सही क्रम 2,1,3 है।**
- **अत: विकल्प B सही है।**

**48. हाल ही में चर्चा में रहा अल्फाफोल्ड-2 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

A. जलवायु परिवर्तन का पूर्वानुमान
B. प्रोटीन की संरचना की भविष्यवाणी
C. क्वांटम कम्प्यूटिंग
D. अंतरिक्ष अन्वेषण

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- हाल ही में **रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज़ द्वारा वर्ष 2024 के लिये रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार** प्रदान किया गया।
- पुरस्कार का **आधा भाग डेविड बेकर को कम्प्यूटेशनल प्रोटीन के डिज़ाइन** के लिये दिया गया, जबकि **दूसरा आधा भाग** संयुक्त रूप से **डेमिस हसबिस और जॉन एम. जंपर को प्रोटीन की संरचना की भविष्यवाणी** के लिये प्रदान किया गया है।
- वर्ष 2020 में **हसबिस और जंपर ने अल्फाफोल्ड-2** प्रस्तुत किया, **जो एक AI-संचालित प्रणाली** है जिसने भविष्य में प्रोटीन **संरचना में क्रांति ला दी।**
- यह मॉडल लगभग **प्रत्येक ज्ञात प्रोटीन, 200 मिलियन** की संरचना का **पूर्वानुमान लगाने में सक्षम था।**
- **अत: विकल्प B सही है।**

**49. धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अनुसूचित जाति बहुल गाँवों में मौजूदा योजनाओं को लागू करने के लिये एक व्यापक योजना है।
2. "धरती आबा" का संबंध डॉ. बी.आर. अंबेडकर से है।
3. इस पहल का उद्देश्य सामाजिक बुनियादी ढाँचे, स्वास्थ्य और शिक्षा में गंभीर अंतराल को दूर करना है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DAJGUA):**

- मूल रूप से **PM जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान (PM-JUGA) नाम से** आरंभ हुई यह योजना 63,000 अनुसूचित जनजाति बहुल गाँवों में मौजूदा योजनाओं को लागू करने के लिये एक व्यापक योजना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - धरती आबा का तात्पर्य झारखंड के **19वीं सदी के आदिवासी नेता और उपनिवेशवाद विरोधी प्रतीक बिरसा मुंडा से है। अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इस पहल का उद्देश्य भारत सरकार के विभिन्न 17 मंत्रालयों और विभागों द्वारा कार्यान्वित 25 हस्तक्षेपों के माध्यम से सामाजिक बुनियादी ढाँचे, **स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका में महत्त्वपूर्ण अंतराल को दूर करना है। अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

**50. असम समझौते के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह केंद्र सरकार, असम राज्य सरकार और असम आंदोलन के नेताओं के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता है।
2. पी.के. मोहंती समिति ने समझौते के खंड 6 के कार्यान्वयन के लिये उपाय सुझाए हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **असम समझौता:**
  - **वर्ष 1985 में हस्ताक्षरित** असम समझौता केंद्र सरकार, असम राज्य सरकार और असम आंदोलन के नेताओं के बीच एक **त्रिपक्षीय समझौता था जिसका उद्देश्य** बांग्लादेश में **अवैध प्रवासियों के प्रवेश** को रोकना था।
  - इसके परिणामस्वरूप **नागरिकता अधिनियम,1955 की धारा 6A** को विशेष रूप से असम के संदर्भ में शामिल किया गया। **अत: कथन 1 सही है।**
- **धारा 6:**
  - इस समझौते की धारा 6 में **असम के लोगों की सांस्कृतिक, सामाजिक, भाषाई पहचान एवं विरासत को** संरक्षित करने एवं बढ़ावा देने के लिये **संवैधानिक, विधायी तथा प्रशासनिक सुरक्षा का वादा किया गया है।**
  - इसका मुख्य उद्देश्य **असम के लोगों की स्वदेशी पहचान की रक्षा करना था।**
    - **यह धारा जनसंख्या अनुपात में परिवर्तन और बांग्लादेश से प्रवासियों** के आगमन की प्रतिक्रिया में जोड़ी गई थी।
- **बिप्लब शर्मा समिति की रिपोर्ट:**
  - **जुलाई 2019** में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने समझौते की धारा 6 को लागू करने के तरीके सुझाने हेतु **एक 14 सदस्यीय समिति का गठन किया।**
    - इस समिति की अध्यक्षता **असम उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश बिप्लब कुमार शर्मा ने की** और इसमें न्यायाधीश, सेवानिवृत्त नौकरशाह, लेखक, AASU नेता तथा पत्रकार शामिल थे। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**51. भारत में विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू जनजातियों (DNTs) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ब्रिटिश शासन के दौरान आपराधिक जनजाति अधिनियम, 1871 के तहत विमुक्त जनजातियों को 'आदतन अपराधी' करार दिया गया था।
2. सभी विमुक्त जनजातियों को अनुसूचित जाति (SC) श्रेणी के अंतर्गत सूचीबद्ध किया गया है।
3. खानाबदोश जनजातियों और अर्द्ध-खानाबदोश जनजातियों के पास आमतौर पर घर या निजी भूमि का स्वामित्त्व नहीं होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- विमुक्त समुदाय, जिन्हें कभी ब्रिटिश शासन के दौरान आपराधिक जनजाति अधिनियम, 1871 जैसे कानूनों के तहत '**जन्मजात या आदतन अपराधी**' करार दिया गया था। **वर्ष 1952 में भारत सरकार** द्वारा इन्हें आधिकारिक तौर पर विमुक्त जाति के रूप में घोषित कर दिया गया। **अत: कथन 1 सही है।**
- जबकि अधिकांश DNT **अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST) और अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) श्रेणियों में फैले हुए हैं,** कुछ DNT किसी भी SC , ST या OBC श्रेणी में शामिल नहीं हैं।
- ऐतिहासिक रूप से, खानाबदोश जनजातियों और विमुक्त जनजातियों को कभी भी निजी भूमि या घर का स्वामित्त्व प्राप्त नहीं था।
  - खानाबदोश और अर्द्ध-खानाबदोश समुदायों को उन लोगों के रूप में परिभाषित किया जाता है जो **प्रत्येक समय एक स्थान पर रहने के बजाय एक स्थान से दूसरे स्थान पर घूमते** रहते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**52. पीएम इंटर्नशिप योजना के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह योजना नामांकन के बाद प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत बीमा कवरेज़ प्रदान करती है।

नोट :

2. IIT और IIM जैसे प्रमुख संस्थानों से स्नातक इस इंटर्नशिप के लिये पात्र हैं।
3. यह योजना केवल उन उम्मीदवारों के लिये उपलब्ध है जिनके परिवार की आय वार्षिक 8 लाख रुपए से अधिक नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2
C. केवल 1
D. 1, 2, और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- यह योजना नामांकित उम्मीदवारों के लिये पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना और पीएम सुरक्षा बीमा योजना के तहत बीमा कवरेज प्रदान करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- IIT, IIM जैसे प्रमुख संस्थानों से स्नातक और चार्टर्ड अकाउंटेंट (CA) जैसी पेशेवर योग्यता वाले लोगों को इस योजना से बाहर रखा गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह योजना केवल उन उम्मीदवारों के लिये उपलब्ध है जिनके परिवार की आय सालाना 8 लाख रुपए से अधिक नहीं है, तथा सरकारी कर्मचारियों वाले परिवार अपात्र हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**53. राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (NMP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नीति आयोग ने संबंधित मंत्रालयों के परामर्श से यह पाइपलाइन तैयार की है ।
2. NMP के अंतर्गत पाइपलाइन मूल्य में सबसे बड़ी हिस्सेदारी विद्युत क्षेत्र की है।
3. इस पहल के अंतर्गत सरकार परिसंपत्तियों का प्राथमिक स्वामित्व अपने पास रखती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (NMP):**

- **परिचय:** NMP, संचालित सार्वजनिक अवसंरचना परिसंपत्तियों के **मुद्रीकरण** के माध्यम से **सतत् अवसंरचना वित्तपोषण को बढ़ावा देने की एक प्रमुख पहल है।**
  - इसमें केंद्र सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं की **प्रमुख परिसंपत्तियों को पट्टे पर देकर** 6 **लाख करोड़ रुपए** की कुल मुद्रीकरण क्षमता की परिकल्पना की गई है।
- **NMP की तैयारी: नीति आयोग द्वारा** बुनियादी अवसंरचना मंत्रालयों के परामर्श से इसकी तैयारी की गई है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **कवर किए गए क्षेत्र और परिसंपत्ति वर्ग:** एनएमपी सड़क, बंदरगाह, हवाई अड्डे, रेलवे, गैस और उत्पाद पाइपलाइनों, विद्युत उत्पादन और ट्रांसमिशन, खनन, दूरसंचार, भंडारण आदि सहित कई क्षेत्रों को कवर करता है।
  - इसके शीर्ष **5** क्षेत्रों में **सड़क** (कुल पाइपलाइन मूल्य का 27%), **रेलवे (25%), विद्युत (15%),** तेल और गैस पाइपलाइन (8%) तथा दूरसंचार (6%) शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **मुद्रीकरण ढाँचा: मुख्य परिसंपत्ति** के मुद्रीकरण ढाँचे के संदर्भ में तीन प्रमुख अधिदेश हैं।
  - **'स्वामित्व' नहीं बल्कि 'अधिकारों' का मुद्रीकरण:** सरकार परिसंपत्तियों का **प्राथमिक स्वामित्व अपने पास रखेगी और** लेनदेन अवधि समाप्त होने के बाद परिसंपत्तियाँ **सार्वजनिक प्राधिकरण को वापस हो जाएंगी। अत: कथन 3 सही है।**
  - **स्थिर राजस्व:** इसमें स्थिर राजस्व वाली **जोखिम मुक्त ब्राउनफील्ड परिसंपत्तियों का चयन करना शामिल है।**
  - **परिभाषित साझेदारी: इसमें प्रमुख प्रदर्शन संकेतक (KPI) और प्रदर्शन मानक को ध्यान में रखते हुए** संरचित साझेदारियों को सुपरिभाषित **संविदात्मक ढाँचे के अंतर्गत स्थापित किया जाना शामिल है।**

**54. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिये:**

1. शिक्षित भारतीयों को डिप्टी मजिस्ट्रेट और डिप्टी कलेक्टर के रूप में नियुक्त करने का प्रावधान लागू किया गया।
2. 1833 में महालवाड़ी भू-राजस्व प्रणाली की समीक्षा की गई और उसे अद्यतन किया गया।

नोट :

3. बंगाल प्रेसीडेंसी को बीस प्रभागों में पुनर्गठित किया गया, जिसमें से प्रत्येक का पर्यवेक्षण एक आयुक्त करता था।
4. स्थानीय न्यायालयों में स्थानीय भाषाओं के प्रयोग का आदेश दिया गया।

**निम्नलिखित में से किस व्यक्तित्व को उपरोक्त सुधारों का श्रेय दिया जाता है?**

A. विलियम बेंटिक
B. लॉर्ड कॉर्नवालिस
C. लॉर्ड वेलेज़्ली
D. चार्ल्स मेटकॉफ

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**विलियम बेंटिक:**

- **प्रशासन का भारतीयकरण:** बेंटिक ने भारतीयों को प्रशासनिक भूमिकाओं से बाहर रखने की कॉर्नवॉलिस की नीति को उलट दिया और **शिक्षित भारतीयों को डिप्टी मजिस्ट्रेट एवं डिप्टी कलेक्टर के रूप में नियुक्त किया,** जो सरकारी सेवा के भारतीयकरण की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम था।
- **भूमि राजस्व निपटान:** लॉर्ड विलियम बेंटिक ने वर्ष **1833** में भूमि राजस्व की महालवारी **प्रथा की समीक्षा की और उसे अद्यतन किया।**
  - इसमें बड़े भूस्वामियों और ग्राम समुदायों के साथ विस्तृत सर्वेक्षण और संवाद शामिल था, जिससे राज्य के राजस्व में वृद्धि हुई।
- **प्रशासनिक प्रभाग:** बेंटिक ने **बंगाल प्रेसीडेंसी को बीस प्रभागों में पुनर्गठित किया,** जिसमें से प्रत्येक का पर्यवेक्षण एक आयुक्त करता था, जिससे प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि हुई।
- **न्यायिक सशक्तीकरण:** उन्होंने इलाहाबाद में अलग **सदर दीवानी न्यायालय और सदर निजामत न्यायालय का निर्माण किया,** जिससे जनता के लिये न्यायिक पहुँच में सुधार हुआ।
- **न्यायालयों की भाषा: बेंटिक ने** स्थानीय न्यायालयों में **स्थानीय भाषा** के प्रयोग का आदेश दिया।

**55. भारत में फ्रेंच से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में पहला फ्राँसीसी कारखाना मसूलीपट्टनम में स्थापित किया गया था।
2. उन्होंने मालाबार में माहे और कोरोमंडल में यनम पर कब्जा कर लिया।
3. फ्राँसीसी गवर्नर के रूप में डूप्ले के आगमन से एंग्लो-**फ्राँसीसी** संघर्ष की शुरुआत हुई।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत में पहला **फ्राँसीसी कारखाना वर्ष** 1667 में फ्रेंकोइस कैरन द्वारा सूरत में स्थापित किया गया था, जिसके पश्चात् **वर्ष 1669** में मारकारा द्वारा मसूलीपट्टनम में कारखाना स्थापित किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- उन्होंने **मालाबार में माहे, कोरोमंडल में यनम (दोनों वर्ष 1725 में)** और तमिलनाडु में करिकल (1739) पर कब्ज़ा कर लिया। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 1742 में भारत में **फ्राँसीसी गवर्नर के रूप में डूप्ले के आगमन** के साथ ही एंग्लो-फ्रेंच संघर्ष (कर्नाटक युद्ध) की शुरुआत हुई, जिसके परिणामस्वरूप भारत में इनकी अंतिम हार हुई। **अतः कथन 3 सही है।**

**56. वर्ष 2024 में दिये गए साहित्य के नोबेल पुरस्कार के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ऐतिहासिक आघातों और जीवन की नाज़ुकता का पता लगाने वाले "गहन काव्यात्मक गद्य" के लिये, दक्षिण कोरियाई उपन्यासकार हान कांग को यह पुरस्कार दिया गया है।
2. हान कांग, साहित्य में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने वाली पहली दक्षिण कोरियाई लेखिका हैं।
3. साहित्य का नोबेल पुरस्कार ओस्लो, नॉर्वे की नोबेल समिति द्वारा दिया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- ऐतिहासिक आघातों और जीवन की नाज़ुकता का पता लगाने वाले "गहन काव्यात्मक गद्य" के लिये, दक्षिण कोरियाई

उपन्यासकार हान कांग को वर्ष 2024 के साहित्य के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**

- हान कांग साहित्य में नोबेल पुरस्कार जीतने वाली पहली दक्षिण कोरियाई लेखक हैं,जो दक्षिण कोरिया के साहित्यिक परिदृश्य के लिये एक ऐतिहासिक क्षण है। **अतः कथन 2 सही है।**
- साहित्य का नोबेल पुरस्कार स्टॉकहोम, स्वीडन में स्वीडिश अकादमी द्वारा प्रदान किया जाता है न कि ओस्लो, नॉर्वे की नोबेल समिति द्वारा (जो नोबेल शांति पुरस्कार के लिये ज़िम्मेदार है)। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**57. शव दान के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. शव दान में मृत्यु के बाद चिकित्सा प्रशिक्षण में सहायता के लिये संपूर्ण शरीर को चिकित्सा पेशेवरों को दान कर दिया जाता है।
2. राज्य के एनाटॉमी अधिनियम, 1959 के तहत लावारिस शवों का उपयोग चिकित्सा शिक्षा के लिये किया जा सकता है, जिसके तहत रिश्तेदारों को 48 घंटे के भीतर शव पर दावा करना अनिवार्य है।
3. राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन भारत में संपूर्ण शरीर दान की निगरानी करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- मृत्यु के बाद अपना संपूर्ण शरीर को वैज्ञानिक उद्देश्य हेतु दान को शव दान कहा जाता है, इसका मुख्य उद्देश्य चिकित्सा पेशेवरों को शल्य चिकित्सक बनने तथा मानव शरीर रचना को समझने के लिये प्रशिक्षण में सहायता प्रदान करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- राज्य के **एनाटॉमी अधिनियम, 1959** के तहत **कॉलेज लावारिस शवों का उपयोग** करते हैं, जहाँ **रिश्तेदारों को 48 घंटों के भीतर शव पर दावा करना** होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन, मृत दाताओं से अंग प्रत्यारोपण का प्रबंधन करता है, लेकिन पूरे शरीर के दान की निगरानी नहीं करता है। यह ज़िम्मेदारी आमतौर पर मेडिकल कॉलेजों के एनाटॉमी विभागों पर होती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**58. लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट 2024 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारतीय पर्यावरण सोसायटी (IES) द्वारा जारी एक वार्षिक रिपोर्ट है।
2. केवल 50 वर्षों में निगरानी की गई वन्यजीव आबादी के औसत आकार में 73% की गिरावट आई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट 2024:**

- लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट 2024, संरक्षण संगठन **वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर (WWF) का एक द्विवार्षिक मूल्यांकन है। अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- रिपोर्ट के अनुसार, केवल 50 वर्षों (1970-2020) में निगरानी की गई वन्यजीव आबादी के औसत आकार में 73% की गिरावट आई है। **अतः कथन 2 सही है।**

**59. नोबेल पुरस्कार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2024 का शांति का नोबेल पुरस्कार हिरोशिमा-नागासाकी परमाणु विस्फोटों में जीवित बचे लोगों के एक जापानी संगठन निहोन हिदानक्यो को प्रदान किया गया है।
2. वर्ष 2024 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार आधुनिक कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क (ANN) और मशीन लर्निंग (ML) के लिये दिया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**नोबेल शांति पुरस्कार:**

- **वर्ष 2024** का **शांति का नोबेल पुरस्कार हिरोशिमा-नागासाकि पर परमाणु बम हमले के उत्तरजीवियों का प्रतिनिधित्त्व करने वाले एक जापानी संगठन, निहोन**

**हिदानक्यो को प्रदान किया गया है**, जो परमाणु हथियार मुक्त विश्व का लक्ष्य हासिल करने के लिये अथक प्रयास करता है। **अतः कथन 1 सही है।**

- **वर्ष 2024 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार** जॉन जे. हॉपफील्ड और जेफ्री ई. हिंटन को आधुनिक कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क (ANN) और मशीन लर्निंग (ML) के लिये प्रदान किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

**60. गैर-कानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम, 1967 (UAPA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (NIP) को UAPA द्वारा देश भर में मामलों की जाँच करने और मुकदमा चलाने का अधिकार प्रदान किया गया है।
2. यह अधिनियम केंद्र सरकार को किसी भी गतिविधि को गैरकानूनी घोषित करने का पूर्ण अधिकार देता है।
3. भारतीय और विदेशी दोनों नागरिकों पर आरोप लगाया जा सकता है, तथा कानून अपराधियों पर समान रूप से लागू होता है, भले ही अपराध विदेश में किया गया हो।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम, 1967 (UAPA):**

- इसे व्यक्तियों और संगठनों की **कुछ गैरकानूनी गतिविधियों की प्रभावी रोकथाम**, आतंकवादी गतिविधियों से निपटने और उनसे संबंधित मामलों के लिये अधिनियमित किया गया था।
  - गैरकानूनी गतिविधियों को **भारत के किसी भी हिस्से के हस्तांतरण या अलगाव का समर्थन करने या उसे उकसाने वाली कार्रवाइयों**, या इसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर सवाल उठाने या उसका अनादर करने वाली कार्रवाइयों के रूप में परिभाषित किया जाता है।
- राष्ट्रीय **अन्वेषण अभिकरण (NIA)** को UAPA द्वारा देश भर में मामलों की जाँच और मुकदमा चलाने का अधिकार दिया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह अधिनियम NIA के महानिदेशक को एजेंसी/अभिकरण द्वारा मामले की जाँच के दौरान संपत्ति की ज़ब्ती या कुर्की की मंज़ूरी देने का अधिकार भी देता है।
- **प्रमुख प्रावधान:**
  - वर्ष 2004 तक, **"गैरकानूनी" गतिविधियों का** तात्पर्य अलगाव और क्षेत्र के हस्तांतरण से संबंधित कार्यों से था। वर्ष 2004 के संशोधन के बाद, **"आतंकवादी कृत्य" को** अपराधों की सूची में जोड़ा गया।
    - वर्ष 2019 का संशोधन सरकार को व्यक्तियों को आतंकवादी घोषित करने का अधिकार देता है।
  - यह अधिनियम केंद्र सरकार को किसी भी गतिविधि को गैरकानूनी घोषित करने का **पूरा अधिकार देता है। अगर सरकार किसी गतिविधि को गैरकानूनी मानती है, तो वह आधिकारिक राजपत्र में एक नोटिस प्रकाशित करके इसे आधिकारिक तौर पर गैरकानूनी घोषित कर सकती है। अतः कथन 2 सही है।**
  - UAPA के अंतर्गत जाँच एजेंसी गिरफ्तारी के बाद अधिकतम 180 दिनों में आरोप पत्र दायर कर सकती है और न्यायालय को सूचित करने के बाद अवधि को आगे बढ़ाया जा सकता है।
  - भारतीय और विदेशी दोनों **नागरिकों पर आरोप लगाया जा सकता है**। यह अपराधियों पर उसी तरह लागू होगा, भले ही अपराध भारत के बाहर किसी विदेशी भूमि पर किया गया हो। **अतः कथन 3 सही है।**
  - इसमें मृत्युदंड और आजीवन कारावास को सर्वोच्च दंड माना गया है।

**61. पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (EAS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका गठन वर्ष 2005 में भारत के नेतृत्व वाली पहल के रूप में किया गया था।
2. आसियान समूह के सदस्यों को छोड़कर इसके 18 सदस्य देश हैं।
3. EAS सदस्यों की विश्व की जनसंख्या में लगभग 53% और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 60% हिस्सेदारी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

नोट :

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (EAS):**

- **स्थापना:** EAS की स्थापना **वर्ष 2005 में दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन (ASEAN)** के नेतृत्व वाली पहल के रूप में की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - पूर्वी एशिया समूह का विचार पहली बार वर्ष 1991 में **मलेशिया के तत्कालीन प्रधानमंत्री महाथिर मोहम्मद** द्वारा प्रस्तावित किया गया था।
- **उद्देश्य:** EAS खुलेपन, समावेशिता, अंतर्राष्ट्रीय कानून के प्रति सम्मान, आसियान की केंद्रीयता तथा प्रेरक शक्ति के रूप में आसियान की भूमिका के सिद्धांतों पर आधारित है।
- **सदस्य:** EAS हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक वार्ता के लिए एक प्रमुख मंच है जिसमें **आसियान सहित 18 सदस्य शामिल हैं।**
  - EAS में 18 सदस्य अर्थात **10 आसियान देश** (ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम) तथा **आठ संवाद साझेदार** (ऑस्ट्रेलिया, चीन, भारत, जापान, न्यूज़ीलैंड, कोरिया गणराज्य, रूस एवं संयुक्त राज्य अमेरिका) शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **महत्त्व:**
  - वर्ष 2023 के अनुसार EAS सदस्यों की **विश्व की जनसंख्या में लगभग 53% और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 60%** हिस्सेदारी है। **अतः कथन 3 सही है।**

**62. कुनमिंग-मॉन्ट्रियल वैश्विक जैव विविधता फ्रेमवर्क (KMGBF) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सुनिश्चित करता है कि वर्ष 2030 तक क्षीण हो चुके स्थलीय, अंतर्देशीय जल, तथा समुद्री और तटीय पारिस्थितिकी तंत्र के कम-से-कम 30% क्षेत्रों का प्रभावी पुनर्स्थापन हो जाए।
2. इसका लक्ष्य सामूहिक वैश्विक प्रयासों को संदर्भित करना है न कि प्रत्येक देश द्वारा अपने भूमि और जल क्षेत्र का 30% आवंटित करने की आवश्यकता को।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**कुनमिंग-मॉन्ट्रियल वैश्विक जैव विविधता फ्रेमवर्क (KMGBF):**

- **परिचय: यह एक बहुपक्षीय संधि है,** जिसका उद्देश्य वर्ष 2030 तक वैश्विक स्तर पर जैवविविधता की **हानि को रोकना है।**
  - इसे **दिसंबर 2022** में कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (CoP) की **15वीं बैठक** के दौरान अपनाया गया था।
  - यह **सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) का समर्थन करता है, जो जैवविविधता के लिये रणनीतिक योजना वर्ष 2011-2020** से प्राप्त उपलब्धियों और सबक पर आधारित है।
- **उद्देश्य और लक्ष्य:** यह सुनिश्चित करता है कि **वर्ष 2030 तक** क्षीण हो चुके **स्थलीय, अंतर्देशीय जल, तथा समुद्री और तटीय पारिस्थितिकी तंत्र** के कम-से-कम **30% क्षेत्रों** का प्रभावी पुनर्स्थापन हो जाए। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इसमें वर्ष 2030 तक के दशक में तत्काल कार्रवाई के लिये **23 क्रिया-उन्मुख वैश्विक लक्ष्य** शामिल हैं, जो वर्ष 2050 तक परिणाम-उन्मुख लक्ष्यों की प्राप्ति में सक्षम बनाएँगे।
  - यह ध्यान रखना महत्त्वपूर्ण है कि यह लक्ष्य **सामूहिक वैश्विक प्रयासों को संदर्भित करता** है न कि **प्रत्येक देश द्वारा** अपने भूमि और जल क्षेत्र का **30%** आवंटित करने की आवश्यकता को। **अतः कथन 2 सही है।**